# Hindi Murli Quiz 04-02-2015

ये क्विज आज की मुरली पर आधारित है| मुरली सुनने के लिए यहाँ क्लिक करें| पुरानी क्विज  के लिए यहाँ क्लिक करें |

*Q.1)* **सतसंग करना माना -**

A. बाप की याद में रहना
B. सेवाकेंद्र पर ज्ञान सुनने जाना
C. बाप से ज्ञान सुनना

*Q.2)* **भक्ति भी पहले अव्यभिचारी है फिर गिरते-गिरते व्यभिचारी भक्ति होने से तमोप्रधान बन जाते हैं फिर उनको सत का संग जरूर चाहिए ।**

A. False / ये वाक्य गलत है
B. True / ये वाक्य सही है

*Q.3)* **बांधेलियां तन से भल परतन्त्र हैं लेकिन मन से यदि स्वतन्त्र हैं तो अपनी वृत्ति द्वारा, शुद्ध संकल्प द्वारा विश्व के वायुमण्डल को बदलने की सेवा कर सकती हैं । आजकल विश्व को आवश्यकता है मन के शान्ति की । तो मन से स्वतन्त्र आत्मा मन्सा द्वारा शान्ति के वायब्रेशन फैला सकती है । शान्ति के सागर बाप की याद में रहने से आटोमेटिक शान्ति की किरणें फैलती हैं । ऐसे शान्ति का दान देने वाले ही वाचा  महादानी हैं ।**

A. गलत
B. सही

*Q.4)* **बाप कहते हैं मैं एक ही बार आता हूँ । अभी आत्मा का परमात्मा से संग होने से तुम 21 जन्म के लिए पार हो जाते हो । फिर तुमको संग लगता है __ का ।**

A. देह
B. रावण
C. सन्यासियों
D. भक्ति
E. काम

*Q.5)* **याद नहीं करते हैं तो देह- अभिमान में हैं, देह तो असत चीज है ना ।**

A. False / ये वाक्य गलत है
B. True / ये वाक्य सही है

*Q.6)* **साधू-सन्त आदि तो समझते हैं आत्मा निर्लेप है, सभी परमात्मा ही परमात्मा हैं । ....**

A. तो इसका मतलब आत्मा ही पतित- पावन है |
B. तो इसका मतलब आत्मा सो परमात्मा है |
C. तो इसका मतलब परमात्मा में खाद पड़ी है |

*Q.7)* **बाप वर्ल्ड ऑलमाइटी अथॉरिटी है ना, उन द्वारा बल मिलता है । इसमें सब वेदों-शास्त्रों के आदि-मध्य- अन्त का ज्ञान आ जाता है ।**

A. False
B. True

*Q.8)* **सतसंग की आवश्यकता तुम बच्चों को अभी ही है - क्यों?**

***(उत्तर एक या एक से ज्यादा भी हो सकते हैं)***

A. तमोप्रधान आत्मा एक सत बाप, सत शिक्षक और सतगुरू के संग से ही सतोप्रधान अर्थात् काले से गोरी बन सकती है ।
B. बिना सतसंग के निर्बल आत्मा बलवान नहीं बन सकती ।
C. बाप के संग से आत्मा में पवित्रता का बल आ जाता है, 21 जन्म के लिए उसका बेड़ा पार हो जाता है ।

*Q.9)* **भल कहते हैं हम सतसंग में जाते हैं परन्तु वह __ में आ जाते हैं ।**

**A.** देह- अभिमान

**B.** अहंकार

**C.** भक्ति

*Q.10)* **सतसंग नाम यह ___ चला आता है ।**

**A.** अविनाशी

**B.** परम्परा से

**C.** द्वापरयुग से

**D.** सतयुग से